# GREENLAWAS SCHOOL, WORLI

**प्रथम सत्रीय पुनरावलोकन (२०२५-२६)**

**कक्षा – छठी** **पूर्णांक-८०**

**दिनांक - १८ -९-२०२५.** **विषय - हिंदी.** **समय - २ घंटे**

---

**सूचना :- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

**शुद्ध भाषा एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित हैं।**

---

**विभाग 'अ' (अंक- ४०)**

**भाषा-विभाग**

**प्रश्न १] निम्नलिखित विषय में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए:-** **(१०)**

१) महाराष्ट्र की राजधानी : मुंबई

२) पेड़ लगाओ, धरती बचाओ

३) दीपावली

**प्रश्न २] निम्नलिखित मुद्दों के आधार पर एक कहानी लिखिए तथा अंत में उससे मिलनेवाली सीख व शीर्षक लिखिए. (७)**

एक जंगल में नदी पर पेड़ के तने से पुल का बनना......... एक बकरी का उस पुल से घास चरने दूसरी तरफ जाना....... यह उसकी आदत बनना.......एक दिन दूसरी तरफ से भी एक अन्य बकरी का इस तरफ आने का सोचना......पुल पर एक समय में केवल एक ही बकरी के गुजरने लायक जगह का होना..........दोनों का एक ही समय आगे बढ़ने के लिए अड़ना.......दोनों का लड़कर नदी में गिर जाना..........दूसरे दिन दो भेड़ों का इसी प्रकार पुल पार करते समय आमने-सामने आना.......दोनों का लड़ने की जगह शांतिपूर्वक उपाय सोचना......एक भेड़ को समस्या का हल सूझना ..........उसका पुल पर बीच में बैठ जाना........दूसरी का उसके ऊपर से होकर दूसरी तरफ चले जाना.......फिर पहली का आगे बढ़ना........सूझबूझ से समस्या हल......... सीख व शीर्षक ।

**प्रश्न 3) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-**

बंगाल में मालदा शहर के बाहर एक बड़े बगीचे में एक तेरह - चौदह वर्ष का लड़का घूम रहा था । इतने में बशीर मुहम्मद नामक एक काबुली मुसाफिर अपने साज - सामान के साथ वहाँ आ पहुँचा । वह थोड़ी देर वहाँ ठहरा और जाते समय रुपयों एक थैली वहीं भूल गया । उस थैली में पाँच हजार रुपये थे। उस लड़के ने उस थैली को देखते ही उठा लिया और यह जानकर कि उसमें बहुत रुपये हैं, उसने ईमानदारी बरती और रुपये उसके असली मालिक को देने का निश्चय किया ।

उधर बशीर मुहम्मद जब कुछ दूर निकल गया, तब उसे रुपयों की थैली याद आयी। वह बहुत घबराया और बगीचे की ओर उलटे पाँव दौड़ा। बालक ने उसे चिन्तित देखकर पूछा , "क्या तुम्हारी कोई चीज खो गई है?" व्यापारी ने कहा , " मेरी रुपयों की थैली खो गई है। यदि रुपये न मिले तो मेरे मालिक का विश्वास मेरे ऊपर से उठ जायेगा और मुझे जेल जाना पड़ेगा ।" बालक ने उसकी थैली दिखाते हुए कहा " ये अपने रुपये लो ।" बशीर मुहम्मद ने थैली खोलकर गिना तो उसमें एक भी रुपया कम नहीं था। फिर उसने बालक से पूछा , "तुमने इतने रुपयों की लालच को कैसे रोका ?" बालक ने नम्रतापूर्वक कहा ," मैंने बचपन से ही यह सीखा है कि दूसरे के धन को मिट्टी के ढेले के समान तुच्छ समझकर कभी-भी चोरी नहीं करनी चाहिए।" बालक की बात सुनकर वह व्यापारी चकित हो गया और खुशी से उसको पाँच रुपये इनाम देने लगा। पर लड़के ने कहा " मैंने आपके रुपये आप को वापस दे दिए, यह मेरा धर्म है।" उस लड़के की बात सुनकर बशीर ने उससे कहा " मैं तुम्हें कभी नहीं भूल सकता । मैं प्रतिदिन यह प्रार्थना करूँगा कि प्रभु तुम्हें लंबी उम्र और सुख प्रदान करे ।"

प्रश्न :-

१) बशीर मुहम्मद कौन था? वह कहाँ रुका था ? (२)

२) बशीर मुहम्मद कब और क्यों उलटे पाँव लौटा ? उसे वहाँ कौन मिला ? (२)

३) बालक ने बशीर से क्या पूछा तथा बशीर ने उसका क्या उत्तर दिया ? (२)

४) बशीर मुहम्मद ने बालक से कब और क्या प्रश्न पूछा ? बालक ने उसे क्या उत्तर दिया ? (२)

५) बालक ने क्या लेने से इन्कार किया? आपने इस गद्यांश से क्या सीखा? (२)

**व्याकरण विभाग**

**प्रश्न ४] निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :-**

i) निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए - (२)

१) नारी - २) पत्ता-

ii) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए - (२)

१) चंचल - २) आदर्श -

iii) निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए - (२)

१) जो दिखाई न दे -

२)जिसका कभी जन्म न होना हो -

iv) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए:- (कोई दो ) (३)

१) ऊँचा सुनना -

२) कहा- सुनी हो जाना -

३) इधर की उधर करना -

v) निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनाम शब्द छाँटकर उसका भेद लिखिए:- (३)

१) जो शरारत करेगा, उसे सजा मिलेगी ।

२) शायद कमरे के अंदर कोई है।

३) आज सीमा खुद खाना बनाएगी।

vi) निम्नलिखित अशुद्ध शब्दों को शुध्द कीजिए. (१)

१) भविश्य

## विभाग 'ब' (अंक - ४०)

## साहित्य-विभाग

**प्रश्न ५** - क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (९)

१) दक्षिण अमेरिका का उत्तरी अमेरिका से युद्ध किस कारण हुआ ?

२) अनाज और दालों ने अपनी क्या विशेषता बताई ?

३) व्यक्ति ने अंत में निर्णय सुनाते हुए क्या कहा ?

ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए :- (४)

१) दूध कैसा आहार है ?

२) आज सबसे शक्तिशाली राष्ट्र किसे माना है ?

३) सेब के बारे में क्या कहा जाता है ?

४) राष्ट्रपति ने बलिदानी सैनिक के प्रति सम्मान दिखाने हेतु क्या किया ?

ग) रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए:-- (४)

१) गाजर ने खुद को _______से भरपूर बताया।

२) निरंतर ______घंटे पहरा देते रहने के कारण नींद ने मुझे आ घेरा और मैं अपना कर्तव्य न निभा सका।

3) अचानक सबमें बहस हो गई कि कौन सबसे ________ है ?

४) मुर्गा बोला- " हम ________लोगों की खुराक है ।"

घ) निम्नलिखित वाक्य 'किसने – किससे कहा' लिखिए:- (४)

१)" अच्छा, तुम्हें क्षमा किया जाता है।"

२) " इसके लिए तुम्हें गोली से शूट कर दिया जाएगा।"

३) "मैं सबको अपना- अपना दावा पेश करने के लिए बुलाऊंगा और निर्णय करूँगा ।"

४) "चलो अब मिलकर कुछ खाए और पिकनिक का मज़ा लें।"

ङ) उचित शब्दार्थ चुनकर लिखिए :- (४)

i) नींव

१) उधार २) आदर ३) आधार ४)उद्धार

ii) उऋण

१) कर्ज़ लेना २) कर्ज़ देना ३) कर्ज़ चुकाना ४) फर्ज निभाना

iii) वंदनीय

१) प्रशंसा योग्य २)प्रतीक्षा योग्य ३)प्रसंशा योग्य ४)परीक्षा योग्य

iv) प्रमाद

१) सावधानी २) असवधानी ३) असावधानी ४)सावदानी

## कविता - विभाग

**प्रश्न ६**-अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

१) प्रातः काल सूर्योदय के समय क्या-क्या बदलाव आते हैं ? (३)

२) कवि ठिठक क्यों गया ? (३)

आ) निम्नलिखित प्रश्नों के एक वाक्य में उत्तर लिखिए :- (२)

१) 'आ रही रवि की सवारी' इस कविता के रचयिता का नाम लिखिए।

२) 'चारण' किसे कहा जाता है ?

इ) निम्नलिखित कविता की पंक्तियाँ पूर्ण कीजिए :- (४)

चाहता _____________

______________________

______________________

__________________ सवारी ।।

ई] उचित शब्दार्थ चुनकर लिखिए :- (३)

१) विहग

a) वंशी b) पंछी c) पशु d) कीटक

२) अनुचर

a) गुप्तचर b) सेवा c)सेवक d) गायक

३) तारक

a)बादल b) तारे c)तेरा d) सूर्य

------------------------------------------समाप्त—------------------------------------